तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 29 अप्रैल 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 जंगली फल चार को समेटने जुटे वन क्षेत्रों के ग्रामीण, आय का बना जरिया




## खबर संक्षेप

### आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु 30 तक लगेंगे विशेष शिविर

**अम्बिकापुर।** सीएमएचओ ने बताया कि आगामी 30 अप्रैल को पूरे देश में आयुष्मान भारत दिवस मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण हेतु जिले में तीनदिवसीय शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर 28 अप्रैल, 29 अप्रैल एवं 30 अप्रैल को लगाया जाएगा, जिसमें लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा तथा योजना के लाभ के बारे में बताया जाएगा। जिले में कुल लक्ष्य 922111 के विरूद्ध में 842431 कार्ड निर्माण किया जा चुका है। हितग्राही अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड लेकर अपने नजदीकी पंचायत भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर निःशुल्क कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत बीपीएल परिवार को 5 लाख एवं एपीएल परिवार को प्रति वर्ष 50 हजार रूपए का मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करता है। आयुष्मान वय वंदना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करता है।

### सड़क पर बिखरे पड़े थे 13 हजार रूपए युवक ने किया पुलिस के सुपुर्द



**अंबिकापुर।** युवक ने मानवता की मिशाल पेश की है। युवक ने सड़क पर बिखरे पड़े 13 हजार नगद रूपए को गांधीनगर थाना पुलिस के सुपुर्द किया। युवक के इस बेहतर कार्य के लिए पुलिस विभाग ने भी उसे प्रोत्साहित किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलतः ओड़गी के कुदरगढ़ इंद्रपुर हाल मुकाम मुक्तिपारा निवासी 22 वर्षीय मनोज कुमार सिंह आ. केशव प्रसाद सिंह गांधीनगर सब्जी मार्केट के पास बस से उतरकर किराया के मकान की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में एक अज्ञात स्कूटी चालक व्यक्ति भी सब्जी मंडी से हनुमान मंदिर की ओर जा रहा था। संभवतः उसी स्कूटी सवार युवक की जेब से रूपए गिरकर सडक पर बिखरा पडा था। आस पास कोई नहीं होने पर युवक ने जमीन पर बिखरे पड़े रूपए को उठाकर गांधीनगर थाना के सुपुर्द किया। युवक ने पुलिस को कुल 13 हजार रूपए नगद सुपुर्द किया जिसे फिलहाल पुलिस ने अपने पास सुरक्षित रखा है। युवक के इस बेहतर कार्य के लिए पुलिस विभाग ने मनोज सिंह को प्रोत्साहित किया है।

### सूने मकान का ताला तोड़ चोरों ने पार किया नगदी सहित 3.5 लाख के जेवर

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज से करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कमलपुर में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई। गांव के निवासी राजेश मलिक के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी और आभूषण पार कर दिए। जानकारी के अनुसार घटना के समय घर के सभी सदस्य अखंड संकीर्तन में शामिल होने गए हुए थे, जिससे घर पूरी तरह सुनसान था। इसी मौके का फायदा उठाकर चोरों ने घर के पीछे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। रात करीब 10 बजे जब परिवार के सदस्य वापस लौटे तो सामने के गेट का ताला बंद मिला, लेकिन पीछे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाकर देखा तो लोहे की अलमारी और अन्य अलमारियां क्षतिग्रस्त हालत में थीं। अलमारी के लॉक टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। ज्वेलरी के खाली डिब्बे नीचे फेंके हुए मिले। राजेश मलिक के मुताबिक, चोर लगभग डेढ़ लाख रुपये नकद और करीब 3.5 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान में सोने की चेन, अंगूठी, तीन लॉकेट और चांदी के अन्य आभूषण शामिल हैं। मकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया है।

### भू-माफिया तालाबों को पाटकर कर रहे प्लाटिंग

# अवैध अतिक्रमण से संकट में तालाबों का अस्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- शहर के अधिकांश तालाब चढ़े अवैध अतिक्रमण की भेंट

पुरखों की बड़ी धरोहर तालाबों का संरक्षण अब मुश्किल हो गया है। राजनीतिक रसूख रखने वाले दबंग एवं भूमाफिया लगातार तालाबों को पाटकर उन पर कब्जा करते जा रहे हैं। खास बात है कि तालाबों एवं शासकीय भूमि को हथियाने के लिए लम्बे समय से चल रहे इस कुचक्र को रोकने की बजाय प्रशासनिक अमले ने अपनी आखे बंद कर ली है। जनप्रतिनिधियों की लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई करने में प्रशासनिक अमला रूचि नहीं ले रहा है।

जल संरक्षण एवं सामाजिक निस्तार की दृष्टि से तालाबों के महत्वपूर्ण योगदान से इंकार नहीं किया जा सकता। भारतीय समाज में कभी तालाब एवं कुंओं के निर्माण को पूण्य एवं समाज सेवा का काम माना जाता था साथ ही सामाजिक उपयोग के लिए इनका निर्माण किया जाता था। अब तालाब निर्माण की बात तो दूर इन्हें संरक्षित एवं स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी लोग नहीं उठाना चाहते। तालाबों का संरक्षण एवं साफ-सफाई का काम स्थानीय निकायों तक सिमट कर रह गया है। तालाबों के संरक्षण एवं साफ-सफाई को लेकर शासन हर साल भारी भरकम राशि खर्च करती है। तालाबों के संरक्षण को लेकर शासन ने कड़े निर्देश भी जारी किए हैं लेकिन ननि का अमला तालाबों पर बेखौफ चल रहे अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए कोई कारगर पहल नहीं कर पा रहा है। प्रभावशाली लोग तालाब एवं नालों को पाटकर चार दिवारी खड़ी कर रहे हैं लेकिन ननि अमला को इसकी हवा तक नहीं लग पा रही है। किसी भी तालाब एवं नाले को रातों रात पाटना एवं चार दिवारी खड़ी करना संभव नहीं है जाहिर है कि यह सारा खेल ननि एवं राजस्व अमले के संरक्षण में चल रहा है। जल स्त्रोतों पर अवैध अतिक्रमण रोकने में नाकाम प्रशासनिक अमला जनप्रतिनिधियों की लगातार शिकायतों के बावजूद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं कर रहा है जिससे तालाबों का अस्तित्व संकट में पड़ते जा रहा है। जिस रफ्तार से तालाबों एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर अवैध अतिक्रमण का खेल चल रहा है भविष्य में सामाजिक क्रियाकलापों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के लिए जगह नहीं मिलेगी। प्राकृतिक जल स्त्रोतों के बाधित होने के कारण शहर की बड़ी आबादी को जलजमाव सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से जूझना पड़ेगा।



तालाब की जमीन पर किया गया अतिक्रमण।



अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीने।

### अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

तालाब एवं प्राकृतिक जल निकासी मार्ग को अवरूद्ध करने के साथ ही भूमि को पाटने के मामले में प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। रिंगरोड भातुपारा स्थित तालाब एवं जल निकासी के प्राकृतिक नाले को पाटकर चारदीवारी खड़ा करने की शिकायत पर मंगलवार को सुबह नगर निगम, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम 4 जेसीबी लेकर पहुंची एवं होटल व्यवसाई द्वारा किए गए अवैध बाउण्ड्री निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान विपरीत स्थिति से निपटने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। पार्षद शुभम जायसवाल ने 21 मार्च को कलेक्टर को जानकारी दी कि होटल पर्पल आर्किड के संचालक मुकेश अग्रवाल द्वारा अपने होटल से सटे भातुपारा तालाब एवं पास के प्राकृतिक जल निकासी मार्ग को पाटकर अवैध निर्माण करने की तैयारी की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर ननि ने होटल संचालक को नोटिस जारी कर तत्काल अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया था। होटल संचालक द्वारा नोटिस को गंभीरता से नहीं लेने पर मंगलवार को प्रशासन की संयुक्त टीम पहुंची एवं अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि होटल संचालक ने निर्माण के लिए ननि से अनुमति तक नहीं ली थी। प्रशासन की कार्रवाई से अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है।



### शहर में 19 तालाब, घट रहा सभी का जलभराव क्षेत्र

नगर निगम क्षेत्र में 19 तालाब हैं इन तालाबों को वर्ष 2021 के मास्टर प्लान में शामिल किया है। अवैध अतिक्रमण के कारण इन तालाबों का रकबा एवं जलभराव क्षेत्र लगातार घटते जा रहा है। इनमें से हरसागर तालाब, मालवीय तालाब का उपयोग मतस्य पालन के लिए करने, मैरीन ड्राइव एवं चम्बोधी तालाब का उपयोग आमोद-प्रमोद के लिए किया जा रहा है जबकि शेष 15 तालाबों का उपयोग निस्तार के लिए किया जा रहा है। इनमें से अधिकांश तालाब अवैध अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए हैं। कहीं आसपास के लोग तालाब को पाटकर अपना घर बना लिए हैं तो कहीं भू माफिया तालाबों को पाटकर आवास निर्माण के लिए भूमि बेच रहे हैं। जानकार 142.64 एकड़ के तालाबों की भूमि में से 100 एकड़ भूमि पर अवैध अतिक्रमण होने का दावा कर रहे हैं।

### राजस्व विभाग करेगा सीमांकन

ननि की सामान्य सभा की बैठक में पक्ष एवं विपक्ष के पार्षदों ने शहर के तालाबों पर चल रहे अवैध अतिक्रमण का मामला प्रमुखता से उठाया तथा मामले को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। पार्षदों के कड़े विरोध के बाद महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने शहर के सभी तालाबों का सीमांकन करने कलेक्टर को पत्र लिखने का आश्वासन दिया था। ननि ने तालाबों का सीमांकन कराने संबंधी पत्र कलेक्टर को भेज दिया है। निकट भविष्य में राजस्व अमला सभी तालाबों का सीमांकन कर सकता है। सीमांकन से अवैध अतिक्रमण का खुलासा होने के बाद ननि प्रशासन अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी।

### हटाया गया है अतिक्रमण

रिंग रोड से सटे तालाब एवं जल निकासी के प्राकृतिक नाले को पाटकर अवैध अतिक्रमण करने के मामले में होटल संचालक मुकेश अग्रवाल को अतिक्रमण हटाने की नोटिस जारी की गई थी। संचालक द्वारा नोटिस पर संज्ञान नहीं लेने पर संयुक्त टीम द्वारा अवैध निर्माण को निरस्त कर तालाब एवं नाला को अतिक्रमणमुक्त किया गया। अन्य तालाबों के अवैध अतिक्रमण के चिन्हांकन उपरांत अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**-डीएन कश्यप**, आयुक्त, ननि

# धन लक्ष्मी स्कीम के नाम पर युवक से रूपए जमा कराकर की 5.72 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने रायपुर से आरोपी को किया गिरफ्तार

कल्याण ज्वेलर्स में धन लक्ष्मी स्कीम के नाम पर युवक से 5.72 लाख रूपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के शो रूम के कर्मचारी को ठगी के आरोप में रायपुर से गिरफ्तार किया है जबकि फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर कल्यानपुर के सड़कपारा हाल मुकाम मिशन चौक निवासी अविनाश कुमार ने गांधीनगर पुलिस से शिकायत की थी कि कल्याण ज्वेलर्स में स्वर्ण स्कीम की जानकारी मिलने के बाद 2 जुलाई 2025 को वह शो रूम गया हुआ था जहां शो रूम के कर्मचारी राजेश कुमार तिवारी व अन्य ने अविनाश कुमार को कल्याण धन लक्ष्मी की जानकारी दी और बताया कि स्कीम के तहत खाता खोलकर जितनी राशि जमा की जाएगी उस दिन के मूल्य के अनुसार उतने ही कीमत का सोना व्यक्ति के नाम पर शो रूम में जमा रहेगा और जिस दिन अविनाश कुमार चाहे उस दिन सोने के वर्तमान मूल्य के अनुरोप सोना अथवा नगदी रकम हासिल कर सकता है। ऐसे में अविनाश कुमार ने शो रूम में खाता खुलवाकर 5 हजार रूपए मासिक जमा करना शुरू कर दिया था। इस दौरान राजेश तिवारी व अन्य कर्मचारी उसके संपर्क में थे और कल्याण ज्वेलर्स के अन्य स्कीम के बारे में बताते थे। 21 अक्टूबर 2025 को अविनाश कुमार से अल्पअवधि के लिए 30 हजार रूपए क्यूआर कोड मे जमा कराया गया और 10 दिनों के भीतर 40 हजार रुपए अविनाश कुमार के खाते में ट्रांसफर कर राजेश कुमार तिवारी एवं अन्य द्वारा प्रार्थी को उपरोक्त स्कीम के पंजीकृत ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ दिलाने का विश्वास दिलाने का झांसा दिया गया। इसके बाद राजेश कुमार तिवारी एवं अन्य द्वारा 11 नवंबर 2025 से 22 दिसंबर 2025 तक लगातार निवेश के नाम पर कल्याण ज्वैलर्स के कर्मचारियों के नाम के बैंक खाता का क्यू आर कोड भेजकर कुल 7 लाख 59 हजार रूपए जमा कराया गया लेकिन उसके खाते में सिर्फ 1 लाख 87 हजार रूपए की वापस किया गया। ऐसे में ठगी का संदेह होने पर जब अविनाश कुमार शो रूम गया तो वहां भी राजेश तिवारी के नहीं होने की बात कहकर टाल मटोल किया गया। अपने साथ हुई 5 लाख 72 हजार रूपए की ठगी की शिकायत युवक ने पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामले में बीएनएस धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया था और आरोपियों की तलाश चल रही थी। इस बीच एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर साइबर सेल व पुलिस की टीम ने वाट्सएप चैटिंग, ट्रांजैक्शन डिटेल के आधार पर मुखबिर से मिली सूचना के बाद सीतापुर प्रतापगढ़ राधापुर तेन्दुपारा निवासी 28 वर्षीय राजेश कुमार तिवारी आ. लक्ष्मण तिवारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने ठगी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, आरक्षक अरविंद उपाध्याय ऋषभ सिंह, घनश्याम देवांगन, मोतीलाल केरकेट्टा सक्रिय रहे।

# प्रशासन की संयुक्त टीम ने लापरवाही पर चार प्रतिष्ठानों पर लगाया 40 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जांच में गंदगी मिलने पर लगाया दण्ड

नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर ने शहर सहित जिले भर के होटल-ढाबों सहित अन्य संबंधित प्रतिष्ठानों की जांच के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग को नियमित जांच अभियान चलाने एवं गड़बड़ी मिलने पर तत्काल दण्डराशि अधिरोपित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने नियमित जांच अभियान चलाने के लिए संयुक्त जांच दल का भी गठन किया हैं जिसमें संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, नगर निगम के स्वच्छता निरीक्षक एवं औषधि प्रशासन विभाग के अभिहित अधिकारी औषधि निरीक्षक एवं नमूना सहायक को शामिल किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त दल ने मंगलवार को खाद्य से संबंधित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंगलवार को टीम ने लक्ष्मी स्वीट्स की आकस्मिक जांच की तथा होटल में शासन द्वारा निर्धारित स्वच्छता मानको की अवहेलना करते पाए जाने पर 10 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया। संयुक्त दल ने छत्तीसगढ़ बर्फ फैक्ट्री, आरूषि स्वीट्स एवं गोल्डन आईस फैक्ट्री की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान आइस फैक्ट्री एवं मिठाई दुकान में भारी गंदगी मिली। स्वच्छता निर्देशों की अवहेलना पर संयुक्त दल ने छत्तीसगढ़ बर्फ फैक्ट्री पर 2 हजार, आरूषि स्वीट्स के संचालक गणेश कुमार पर 25 हजार एवं गोल्डन आइस फैक्ट्री पर 3 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया। अभिहित अधिकारी नितेश मिश्रा ने बताया कि संयुक्त टीम की कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी।



मिष्ठान में मरी मक्खियां।

## घर के समीप पेड़ में फांसी में मिला युवक का शव, हत्या या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

- शादी कार्यक्रम के दौरान युवक के साथ की गई थी मारपीट

**अम्बिकापुर।** सरगवां आमापतरा में सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब युवक का शव घर के समीप पेड़ में फांसी में मिला। परिजन के मुताबिक युवक मोहल्ले में शादी कार्यक्रम में गया था जहां देर रात युवक के साथ तीन-चार युवकों ने जमकर मारपीट किया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। युवक ने आत्महत्या किया है या उसकी हत्या की गई है इसे लेकर पुलिस अब विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सरगवा आमापतरा निवासी निवासी रूपचंद आ. अमर साय (25 वर्ष) बीती रात मोहल्ले में हो रहे विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गया। तड़के तीन बजे घर आने के बाद पुनः घर से निकला जिसके बाद वापस नहीं लौटा। सुबह युवक का शव घर के समीप पकरी पेड़ में मृत हालत में फांसी लगे हालत में मिला। मृतक के चाचा आनंद राम ने बताया कि विवाह कार्यक्रम में बारातियों को भोजन कराने के पश्चात तड़के 3 बजे घर आया और छोटी बहन समुरी को बताया कि शादी घर के समीप उसके साथ 3-4 युवकों ने जमकर मारपीट किया है। बहन को मारपीट की जानकारी देने के पश्चात युवक घर से निकल गया। सुबह मृतक की चाची बसंती आम पेड़ के नीचे आम बीनने गई थी तभी पकड़ी पेड़ में मृत हालत में फांसी लगे हालत में देखी और घटना की जानकारी परिजन को दी। इधर परिजन की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। पुलिस के बयान में परिजन ने 3-4 युवकों का नाम भी दर्ज कराया है। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।



### हार्ट अटैक से मौत, परिवार के साथ आया था दर्शन करने, परिजन सदमें में

# कुदरगढ़ धाम में 900 सीढ़यां चढ़ने के बाद बेहोश होकर गिरा श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले के पवित्रदेवी धाम कुदरगढ़ से हैरान करने वाली घटना सामने आई है। भीषण गर्मी के कुदरगढ़ की सीढ़ी चढ़कर मंदिर पहुंचे व्यक्ति की मौत हो गई। श्रद्धालु परिवार साथ माता के दर्शन करने पहुंचा था और लगभग 900 सीढ़यिां चढ़ चुका था। इस घटना के बाद मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द किया गया। सम्भवना जताई जा रही है कि भीषण गर्मी में सीढ़यिां चढ़ने और हार्ट अटैक के कारण व्यक्ति की मौत हुई। इस घटना से परिजन सदमें में है।

बताया जा रहा है कि कोरिया जिले के खड़गवां बचरापोड़ी निवासी 45 वर्षीय फूल सिंह अपने परिवार के सदस्यों के साथ मंगलवार को भैयाथान विकासखंड के पवित्र धार्मिक स्थल कुदरगढ़ में देवी के दर्शन करने आया हुआ था। इस दौरान परिवार के सदस्य मंदिर की 900 सीढ़यिां चढ़कर माता के दर्शन के लिए जा रहे थे। फूल सिंह सबसे आगे चल रहे थे और लगभग सभी सीढ़यिां चढ़ने के बाद वे मंदिर से पहले रूककर पीछे छूट गए परिजन का इन्तजार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ही वे गश्त खाकर जमीन गिर पड़े। फूल सिंह के जमीन पर गिरने के बाद हड़कंप मच गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद मंदिर के पंडा और स्थानीय लोगों ने मदद की। परिजन ने भी श्रद्धालुओं की मदद ली लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और फूल सिंह की मौत हो गई। इस घटना के बाद हंसी खुशी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे परिवार में मातम पसर गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को अस्पताल भेजा जहां पीएम उपरान्त शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल श्रद्धालु की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है लेकिन चिकित्सक भीषण गर्मी में 900 सीढ़यिां चढ़ने और हार्ट अटैक से मौत होने की बात कह रहे है।



### इस घटना के बाद उठी रोप वे की मांग

भीषण गर्मी के बीच श्रद्धालु की मौत के बाद मंदिर में रोप वे निर्माण की मांग उठी। मंदिर में रोप वे निर्माण हेतु स्वीकृति मिली हुई है लेकिन रोपवे का काम नहीं हुआ। ऐसे दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं, बुजुर्गों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के साथ ही श्रद्धालओं ने रोपवे निर्माण की मांग की है ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

### हार्ट अटक के लक्षण

सूचना पर शव को अस्पताल पहुंचाया गया था जहां डॉक्टरों ने मृतक का पीएम किया। श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत के लक्षण नजर आए है। पीएम रिपोर्ट का इन्तजार किया जा रहा है। शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

**-डॉ. कपिलदेव पैकरा**
सीएमएचओ सूरजपुर

### युवती की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**रामानुजगंज।** गांव के सरपंच उबल्क सिंह के घर कुछ मेहमान आए हुए थे। मंगलवार की सुबह मेहमान जंगल की ओर गए, जहां उनकी नजर महुआ के पेड़ से लटके एक युवती की लाश पर पड़ी तो गांव में आकर सरपंच सहित ग्रामीणों को जानकारी दी और तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। मृत युवती की पहचान ग्राम देवीगंज निवासी पूनम के रूप में हुई है, जो दीप नारायण अगरिया की बेटी बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पूनम सोमवार की शाम करीब 4 बजे से से लापता थी और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को पेड़ से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मामला आत्महत्या का है या किसी अन्य कारण से मौत हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## खबर संक्षेप

### दो आदतन आरोपियों का जिलाबदर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए दो आरोपियों के विरूद्ध जिलाबदर की कार्रवाई की है। जिला दंडाधिकारी न्यायालय द्वारा छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) एवं (ख) के तहत पारित आदेश के अनुसार चिरमिरी निवासी राजन सिंह चौहान तथा मनेन्द्रगढ़ निवासी शकील अहमद उर्फ मस्सा को आगामी 6 माह के लिए जिला एवं आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों से निष्कासित किया गया है।

### जनगणना से जुड़े अफसरों के तबादलों पर रोक

**मनेन्द्रगढ़।** जनगणना 2027 के सफल, सुनियोजित और निर्विघ्न संचालन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य शासन ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्देश जारी किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण, अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर, जनगणना कार्य पूर्ण होने तक यथासंभव नहीं किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक 5 जून 2025 के अनुसार 25 जून 2025 के पश्चात स्थानांतरण पर पहले से ही पूर्ण प्रतिबंध लागू है।

### कलेक्टर पंचोली ने ली समीक्षा बैठक

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था पूर्णतः सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजनाओं के प्रशिक्षित ऑपरेटरों की अधिकारियों द्वारा रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को समय पर एवं आवश्यकता अनुसार पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल व्यवस्था के संबंध में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### बोरी बंधान कर दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**अनूपपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण के अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था आनंदम सोशल वेलफेयर सोसायटी धनगवां पूर्वी द्वारा विकासखंड जैतहरी के ग्राम निगौरा में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान का कार्य किया गया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि बोरी बंधान हो जाने से जल को रोकने पर पशु-पक्षियों के पीने के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। साथ ही भू-जल स्तर में भी सुधार होगा।

### सेवानिवृत्ति पर वरिष्ठ व्याख्याता को दी गई भावभीनी विदाई

**बरबसपुर।** पोड़ी क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चित्ताझोर में पदस्थ वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती चंदना रानी सूरीन को उनकी 38 वर्षों की लंबी एवं समर्पित सेवा के उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय में एक सादगीपूर्ण लेकिन गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य सत्येन्द्र कुमार सिंह ने श्रीमती सूरीन को श्रीफल, शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में उनके कार्यकाल को याद करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की और उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भी श्रीमती सूरीन के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में व्याख्याता राम कुमार राजवाड़े, तेजभान सिंह, बीएल जरूलिया, सुनील बड़ा, श्रवण कुमार विश्वकर्मा, संदीप तिग्गा, सजीत एक्का, दिनेश टोप्पो, श्रीमती मिलरेड लकड़ा, श्रीमती ममता मिंज, दिनेश नामदेव, किशोर ओझा, पप्पू चौधरी, विकल्प श्रीवास्तव, श्रीमती नाजिया तिग्गा, प्रशांत सोनी, श्रीमती अनुपमा साहू, फूलचंद बैगा सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

---

**बाजार में महंगे दामों में होती है बिक्री**

**शहर के बाजार में आते हैं और दोना के हिसाब से करते हैं विक्रय**

# जंगली फल चार को समेटने जुटे वन क्षेत्रों के ग्रामीण, आय का बना जरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

वनों में मिलने वाला चार के पेड़ अब वन क्षेत्रों में भी सिमटते जा रहे हैं। वर्तमान में जंगली फल चार का सीजन शुरू हो गया है। यह फल अभी पका नहीं है, पेड़ों में कच्चा ही है। आने वाले कुछ समय पश्चात शहर के बाजार के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजार में चार फल की आवक शुरू हो जाएगी।

सीजन का यह फल कोरिया के सभी क्षेत्रों के जंगलों में पाई जाती है। अभी जंगलों में चार पेड़ पर हरे रंग के फल लदे हुए हैं, लेकिन पकने के बाद चार फल का रंग काला होता है। पकने के बाद बाजार मइें स फल की आवक शुरू होती है। फिलहाल आगामी कुछ ही दिनों में जंगल क्षेत्र में मिलने वाला चार फल की आवक शहर के बाजार में शुरू हो जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के लोग चार फल को लेकर शहर के बाजार में आते हैं और दोना के हिसाब से विक्रय करते हैं। सीजन के इस फल का स्वाद हर कोई लेना चाहता हैं, इसके चलते बाजार में चार फल की आवक शुरू होने के साथ ही लोग खरीदी के लिए आतुर रहते हैं। उल्लेखनीय है कि चार फल की गुठली के भीतर निकने वाला गिरी को ही चिरौंजी कहा जाता है जो सूखे मेवे के रूप में महंगे दामो पर दुकानों में बिकती है।



#### गांव-गांव में चार फल एकत्र किए जा रहे

कोरिया के जंगलो में मिलने वाला चार फल अभी पेड़ में ही कच्ची हालत में हैं, लेकिन कुछ ग्रामीण कच्चे फल को ही तोड़कर एकत्र करने में जुटे हुए हैं। जिले के सोनहत जनपद के एक गांव में ग्रामीण एक बोरा चार फल तोड़कर अपने घर लाए। ग्रामीण ने बताया कि इस फल को पकाकर स्थानीय बाजार में विक्रय करेंगे। इस तरह चार फल को अप्राकृतिक तरीके से पकाकर बाजार में बेचने की तैयारी में ग्रामीण रहते हैं। रासायनिक तरीके से पकाए फल स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।

#### प्रतिवर्ष पेड़ को होता है नुकसान

कोरिया जिले के जंगलों में चार फल को तोड़ने के दौरान कई लोगों के द्वारा सुरक्षित तरीके से चार फल को पेड़ से नहीं तोड़ते, बल्कि देखा गया कि कई लोग चार फल को तोड़ने के दौरान पेड़ की शाखा को ही तोड़ देते हैं, इस तरह प्रतिवर्ष चार फल तोड़ने के दौरान चार पेड़ को बड़ा नुकसान पहुंचाया जाता है। कई बार तो कुछ लोग कुल्हाड़ी चलाकर काट भी देते हैं। यही कारण है कि अब जंगल क्षेत्रों में भी चार के पेड़ कम होने लगे हैं।

---

# कॉस्मेटिक, जूस सेंटर, स्ट्रीट फूड और दवा दुकानों पर कार्रवाई








हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- एक्सपायरी उत्पाद को किए गए नष्ट

जिले में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य और औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सही दवा शुद्ध आहार यही छग का आधार के तहत यह 15 दिवसीय अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक संचालित होगा। अभियान की शुरूआत कलेक्टर चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक से की गई, जिसमें अधिकारियों को सख्त निगरानी और नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में औषधि एवं खाद्य प्रकोष्ठ लगातार कार्रवाई कर रहा है। पहले दिन 8 कॉस्मेटिक दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें बिल व रिकॉर्ड की जांच एक्सपायरी उत्पादों की अलग पहचान, लेबलिंग और भंडारण व्यवस्था का सत्यापन, सफाई की स्थिति का निरीक्षण, व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, जबकि कुछ को सुधार के निर्देश दिए गए।

#### स्ट्रीट फूड और जूस सेंटर पर कार्रवाई

अभियान के दूसरे दिन चाट-गुपचुप और जूस सेंटरों की जांच की गई। स्वच्छ पानी और हाइजीन पर विशेष जोर दिया गया, एक्सपायरी खाद्य सामग्री की जांच की गई, गन्ना जूस विक्रेताओं को मानक बर्फ के उपयोग के निर्देश दिए गए, बिना पंजीयन संचालकों को लाइसेंस कराने के निर्देश दिए गए और कई एक्सपायरी उत्पाद मौके पर नष्ट कराए गए। थोक दवा दुकानों के लाइसेंस और दस्तावेजों की जांच की गई। गुणवत्ता परीक्षण के लिए 2 औषधियों के नमूने लिए गए। सुरक्षित भंडारण और नियम पालन के निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रतिष्ठानों को स्वच्छता, गुणवत्ता और नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

# 15 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने योजना में कराया पंजीयन

- मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत कवायद

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत वर्षों से लंबित बिजली बिलों से परेशान उपभोक्ताओं को इस योजना के तहत बड़ी राहत मिली है। जिले में कुल 33 करोड़ 61 लाख रूपए की बकाया बिजली राशि के भुगतान के लिए 15,166 उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीकरण कराया है, इसके तहत उन्हें करीब 15 करोड़ 74 लाख रूपए की छूट प्रदान की गई है। छूट के बाद भी उपभोक्ताओं ने आगे बढ़कर 1 करोड़ 42 हजार रूपए का भुगतान कर दिया है।

योजना के तहत बीपीएल, घरेलू और कृषि श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं को विशेष लाभ मिल रहा है। इन उपभोक्ताओं को सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट के साथ-साथ मूल राशि में भी निर्धारित प्रतिशत की राहत दी जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। बीपीएल उपभोक्ताओं को पंजीयन के समय कोई अग्रिम राशि जमा नहीं करनी पड़ती, जबकि घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को न्यूनतम 5 प्रतिशत राशि जमा करनी होती है। शेष राशि को आसान किस्तों में चुकाने की सुविधा दी गई है। इस योजना की खास बात यह है कि पहली बार मूल राशि में भी छूट दी जा रही है। साथ ही किस्तों में भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को भविष्य के बिजली बिलों में सरचार्ज से भी राहत मिलेगी। जिले के कई उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ उठाकर अपनी बकाया राशि कम की है। उदाहरण के तौर पर कुछ उपभोक्ताओं को आधे तक बिल में छूट मिली। बिजली कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए मोबाइल ऐप, कार्यालयों में हेल्पडेस्क और विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर पंजीकरण की व्यवस्था की गई है, जिससे लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।




---

# एग्रो इनपुट डीलर्स का फूटा गुस्सा

- आंदोलन की चेतावनी

**बैकुण्ठपुर।** कृषि आदान (एग्रो इनपुट) व्यापारियों की बढ़ती समस्याओं को लेकर अब आंदोलन की आहट तेज हो गई है।

सरगुजा संभाग के अंतर्गत कार्यरत एफएएस एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी लंबित मांगो पर गंभीर चिंता जताई है। एसोसिएशन का दावा है कि वह देशभर के लगभग 5 लाख एग्रो इनपुट व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है, जो पिछले एक दशक से केन्द्र और राज्य सरकारों से लगातार समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे व्यापारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में व्यापारियों ने अपनी प्रमुख मांगे स्पष्ट रूप से रखी हैं। इनमें उर्वरकों पर जबरन लिंकिंग व्यवस्था समाप्त करना, सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य उत्पादों की अनिवार्य बिक्री खत्म करना और फॉर फ्री ऑन रोड आपूर्ति प्रणाली लागू करना शामिल है।




### बैठक में कलेक्टर ने बढ़ाई जवाबदेही

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा समीक्षा बैठक इस बार केवल विभागीय प्रगति की औपचारिक समीक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि जिले में विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति, जवाबदेही और परिणाम आधारित प्रशासनिक कार्य संस्कृति को लेकर एक निर्णायक संदेश देने वाला मंच साबित हुई। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रशासनिक अमले को स्पष्ट शब्दों में यह संदेश दिया गया कि अब योजनाओं की सफलता फाइलों में नहीं, बल्कि जनता के जीवन में दिखाई देनी चाहिए।

---

# वनवासी कल्याण आश्रम महिला नगर समिति गठित

**मनेन्द्रगढ़।** वनवासी कल्याण आश्रम के मनेन्द्रगढ़ नगर में महिला नगर समिति के पुर्नगठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक एकलव्य वनवासी छात्रावास परिसर में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद शुक्ला जशपुर प्रांत ने की।

बैठक में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक में बताया गया कि महिला नगर समिति का पूर्व कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, जिसके चलते पुरानी समिति को विधिवत भंग कर नई समिति के गठन की प्रक्रिया पूरी की गई। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में भावना गुप्ता को महिला नगर समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके चयन पर उपस्थित सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में सुमन अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर श्वेता पोद्दार एवं उषा सिंह करियाम को नियुक्त किया गया है। सचिव के रूप में राखी सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



---

# कॉलेज की छात्राओं ने शोध-प्रविधि के महत्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में जाना

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 27 अप्रैल 2026 को शोध-प्रविधि विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रिसर्च एंड डेवलपमेंट कमिटी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रंचना निलिमा कच्छप के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की आयोजन समिति में संयोजक डॉ. सुमित कुमार डे, सह संयोजक डॉ. ज्ञान चंद्र पाल, आयोजक सचिव डॉ. पवन कुमार उपाध्याय एवं तकनीकी प्रमुख डॉ. रिचा श्रीवास्तव शामिल रहे। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रभारी प्राचार्य एवं आरडीसी समन्वयक भारत सिंह ने स्वागत उद्बोधन देते हुए मुख्य वक्ता प्रो. राजीव कुमार भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात संयोजक डॉ. सुमित कुमार डे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता प्रो. राजीव कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर स्टैंडर्ड शोध पत्र कैसे तैयार करें और प्रकाशित करें विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शोध आलेख के प्रमुख घटकों जैसे उद्देश्य, समसामयिक विषय चयन, शोध प्रश्न, परिकल्पना, शोध प्रविधि, प्रस्तावना, पृष्ठभूमि, साहित्य समीक्षा, शोध डिजाइन, परिणाम, चर्चा एवं निष्कर्ष आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्लेगरिज्म से बचाव, लेखन में तारतम्यता, हेडिंग एवं सब-हेडिंग का सही उपयोग तथा समूह अध्ययन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को सरल भाषा में समझाया। साथ ही शोध प्रोजेक्ट कैसे तैयार करें विषय पर शीर्षक, सार, समस्या, उद्देश्य, साहित्य समीक्षा, शोध सीमा एवं बजट आदि बिंदुओं पर भी विस्तार से जानकारी दी।




---

# चरचा में 1 मई को श्रमिक परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा में श्रमिकों को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 1 मई को चरचा ईस्ट मार्ग स्थित नवनिर्मित श्रमिक परिसर का भव्य लोकार्पण किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है, वहीं प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक नरेश प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी एवं सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार शामिल होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह एवं सभी पार्षदगण मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल करेंगे। इस आयोजन की जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के नेतृत्व में निभाई जा रही है। उप अभियंता आलोक चक्रधारी सहित नगर पालिका की टीम कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा जैसे सभी इंतजामों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।



---

**विपक्ष पर जमकर बरसीं महिला भाजपा नेत्री**

# भाजपा महिला मोर्चा का जन आक्रोश महिला सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा में जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष रीता यादव के अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, शोसल मीडिया सह प्रभारी रेनू सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मवती राजवाड़े, जिला महामंत्री पुष्पलता राजवाड़े, ममता कुशवाहा, जिला मंत्री आँचल सिंह, बेगमती चिकनजूरी,रीना साहू, मंडल अध्यक्ष कुसुम जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े,उपाध्यक्ष पुष्पा पाल, महामंत्री तोता रानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया था, परंतु विपक्षी दलों ने अपना रवैय्या दिखा दिया है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करेंगा और छग की महिलाओं के लिए गौरव का विषय है। भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी ने कहा कि आज भारत की आधी आबादी महिलाएं है उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और सामर्थ्य को साबित किया है चाहे वो शिक्षा हो या राजनीति हमेश महिलाओं की भागीदारी सशक्त होगी। प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी रेणु सिंह ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और भाजपा सरकार ने उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मवती राजवाड़े ने कहा कि यह सम्मेलन महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सभी महिला कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला मंत्री आंचल सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य यही था कि महिलाओं को संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देना था, राजनीति क्षेत्र में उन्हें बराबरी का अवसर मिले यह केवल कानून नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।




---

# सुशासन तिहार के तहत जन समस्या निवारण शिविर 1 से

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार के तहत जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जन समस्या निवारण शिविर 2026 आयोजित करने का आदेश जारी किया गया है।

यह अभियान 1 मई से 10 जून तक संचालित होगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में जिला, अनुविभाग और विकासखंड स्तर पर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो शिविरों के सफल संचालन और शिकायतों के निराकरण की जिम्मेदारी निभाएंगे। इस अभियान के तहत बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। 5 मई से शुरू होकर 9 जून तक चलने वाले इन शिविरों में ग्रामीणों की समस्याएं सीधे सुनी जाएंगी और उनका समाधान मौके पर ही करने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि शिविरों के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई जाए तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी तत्काल प्रदान किया जाए। शिविर में प्राप्त आवेदनों का यथा संभव मौके पर निराकरण किया जाएगा, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों के समन्वय से अधिकतम एक माह के भीतर सुलझाया जाएगा, इसके अलावा प्रत्येक आवेदन का रिकॉर्ड संधारित करने और आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### हजरत बाबा जमाशाह अलैह की मजार में सालाना उर्स 30 और 31 मई को

लखनपुर। सद्भावना और एकता के प्रतीक हजरत बाबा जमाशाह रह. अलैह की मजार में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 30 और 31 मई को सालाना उर्स का आयोजन किया जाएगा। उर्स कमेटी के बैठक के साथ ही उर्स कमेटी का गठन पूर्ण कर लिया गया है। उर्स कमेटी के निर्णय अनुसार आगामी 30 मई को संदलपोशी का कार्यक्रम सहित 31 मई को क़व्वाली के कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया है। कमेटी उर्स की तैयारियों को लेकर सक्रिय हो गई है जहां बाबा का मजार पर आगामी उर्स के मद्देनजर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। गौरतलब है कि हजरत बाबा जमाशाह रह अलैह की मजार लखनपुर के बंधा ग्राम में स्थित है जहां सभी धर्म के लोग बाबा को नमन करने तथा अपनी मनचाही मुराद पूरी करने माथा टेकने पहुंचते हैं। ऐसे में उर्स के आयोजन पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है। इस वर्ष उर्स कमेटी के संचालन एवं देखरेख के लिए सदर शराफत अली को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है साथ ही नायब सदर के रूप में जसीमुद्दीन,,इरशाद ख़ान, सचिव नूर मोहम्मद, ताहिर नूर,गप्पू ख़ान को मनोनीत किया गया है। इस वर्ष कमेटी के सदस्यों में इमरान हुसैन, मक़सूद हैदर, जौहर अली, सोबारक, शमीम ख़ान, हाशिम खान, जानिसार अख्तर, इमरान अंसारी, तबरेज खान, शहदुल, महफूज हैदर,साबिर अंसारी को ज़िम्मेदारी दी गई है।

### अमेरा ओसीएम में सुरक्षा मानकों के विषय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



बिश्रामपुर। विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अमेरा ओसीएम में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के प्रति कर्मचारियों एवं श्रमिकों को जागरूक करना तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना रहा।कार्यक्रम के दौरान कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य संरक्षण एवं दुर्घटना निवारण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि सुरक्षित कार्य वातावरण न केवल दुर्घटनाओं को कम करता है, बल्कि कर्मचारियों की कार्यक्षमता एवं मनोबल को भी बढ़ाता है,इस अवसर पर केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ सत्यपाल, डॉ वीर भरत एवं डॉ शुभांगी ने कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सुरक्षित कार्य व्यवहार, व्यावसायिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) के सही उपयोग तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी,उन्होंने कार्यस्थल पर निर्धारित सुरक्षा नियमों के पालन, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा सतर्कता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

### भाजपाइयों ने विपक्ष का किया पुतला दहन



भैयाथान। महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन विधेयक के संसद में पारित न होने के विरोध में भैयाथान चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए विपक्ष का पुतला दहन किया। साथ ही कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ नारेबाजी कर महिला अधिकारों के मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी गई। भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरू गुप्ता ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल था, लेकिन विपक्ष के रुख ने इसे आगे बढ़ने से रोक दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने महिलाओं के हितों को नजरअंदाज किया है। जिला महामंत्री नेहा तिवारी ने भी इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि बीते वर्षों में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनसे महिलाओं की भागीदारी और आत्मनिर्भरता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पुतला दहन के दौरान प्रकाश दुबे, लालचंद्र शर्मा, शांतनु गोयल, अमन प्रताप सिंह, सत्यवती दुबे, संदीप दुबे, नितिन तिवारी, अभिषेक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## बकाया भुगतान राशि लंबित होने पर फूटा आक्रोश

# किसान-मजदूरों ने केरता शक्कर कारखाना में ताला जड़ किया उग्र प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केरता शक्कर कारखाना एक बार फिर सुर्खियों में है, जहां गन्ना किसानों और मजदूरों के बकाया राशि का लंबे समय से भुगतान नहीं होने पर बड़े आंदोलन में बदल गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों और मजदूरों ने एकजुट होकर कारखाने के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर प्रदर्शन किया, जिससे शक्कर कारखाना का कार्य प्रभावित हुआ। किसानों व मजदूरों ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा तथा 20 दिन बाद भुगतान नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

**खास बात**
- किसानों को कांग्रेस ने दिया खुला समर्थन

शक्कर कारखाने से जुड़े गन्ना उत्पादक किसान और वहां कार्यरत मजदूर पिछले कई महीनों से अपने बकाया भुगतान करने की मांग कर रहे है। किसानों का कहना है कि उन्होंने समय पर गन्ना आपूर्ति की, लेकिन उनका भुगतान अब तक लंबित है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें मेहनताना समय पर नहीं मिल रहा, जिससे उनके परिवारों का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। कई बार किसानों और मजदूरों ने शांतिपूर्ण ढंग से प्रबंधन के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और समाधान की उम्मीद जताई, लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन ही मिला। लगातार अनदेखी करने और कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने पर सोमवार को बड़ी संख्या में किसान और मजदूर कारखाने के बाहर एकत्रित हुए और एकजुट होकर तालाबंदी का निर्णय लिया। इधर आंदोलन को उस समय और बल मिला जब कांग्रेस जिला अध्यक्ष शशि सिंह मौके पर पहुंचीं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ खड़े होकर न केवल समर्थन दिया, बल्कि खुद कारखाने के गेट पर ताला जड़कर आंदोलन को प्रतीकात्मक मजबूती प्रदान की। शशि सिंह ने कहा कि किसान और मेहनतकश मजदूर इस कारखाने की रीढ़ हैं। उनके पसीने की कमाई को रोकना सरासर अन्याय है। यदि जल्द ही बकाया भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस इस आंदोलन को और उग्र रूप देगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों और मजदूरों के हितों के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक संघर्ष किया जाएगा। कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के समर्थन देने से किसान व मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर कारखाना के सामने जमकर प्रदर्शन किया तथा अपनी मांगों को लेकर कारखाना प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। साथ ही 20 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान किए जाने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी मौजूद रहे। किसान व मजदूर के अलावा विमलेश तिवारी, विद्यासागर सिंह, अनिल गुप्ता, सुरेश आयाम, त्रिभुवन सिंह, नवीन जायसवाल, डी राम, रोहन राजवाड़े, बबीता गुप्ता, सतवंत सिंह, अविनाश साहू, लिवनेश सिंह, दिनेश राजवाड़े, गोल्डी खान और सुरेश सिंह सहित अन्य लोग आंदोलन में शामिल हुए। सभी ने किसानों और मजदूरों के बकाया भुगतान की मांग को उचित ठहराया।



शक्कर कारखाना प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते किसान व कांग्रेस पदाधिकारी।

### कामकाज हुआ प्रभावित

लंबित भुगतान की मांग को लेकर किसानों एवं मजदूरों द्वारा आंदोलन करने तथा तालाबंदी के बाद कारखाने का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे प्रबंधन के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। बड़ी संख्या में किसान व मजदूर के अलावा कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के समर्थन करने पर बड़ी संख्या में प्रशासनिक टीम मौके पर मौजूद रहे।



## बड़सरा में लगे स्वास्थ्य शिविर में 42 ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान के तहत प्राथमिक शाला बड़सरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 42 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस शिविर की खास बात यह रही कि आधुनिक हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से बिना लक्षण वाले लोगों की भी टीबी जांच की गई। इससे संभावित मरीजों की समय रहते पहचान संभव हो सकी और ग्रामीणों को त्वरित व सटीक जांच का लाभ मिला। शिविर में महिला, पुरुष और बुजुर्ग बड़ी संख्या में पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही संदिग्ध मरीजों को आगे की जांच और उपचार के लिए चिन्हित किया गया। शिविर बीएमओ डॉ. राकेश सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान आरिफ अंसारी, योगेश खरे, कंजन जायसवाल, अमित चौरसिया, फरहा खान एवं मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सक्रिय रहे।

### इंजीनियरिंग कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर हुआ व्याख्यान

अम्बिकापुर। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को चित्रकार विवि चंडीगढ़ के कुलपति प्रो. पीके खोसला के मुख्य आतिथ्य में साइबर सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी स्वयं एवं अपने संगठन को रखे सुरक्षित विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ.खोसला ने अपने उद्बोधन में कहा कि रैनसमवेयर अटैक, डिजिटल अरेस्ट जैसे उभरते साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने साइबर सुरक्षा के उपायों एवं डिजिटल हाइजीन से जुड़े सुझावों को साझा किया जिससे स्वयं एवं संस्थान दोनों अपने डेटा एवं सिस्टम को सुरक्षित रख सकें। प्राचार्य डॉ.रामनारायण खरे ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ.केतन चौरसिया एवं डॉ.मोहन राव ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कॉलेज के अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## चेक डेम निर्माण ग्रामीणों के लिए आत्मनिर्भरता का बन रहा मजबूत आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बदौली में पण्डरी नाला स्थित श्मशान घाट के पास चेक डेम निर्माण ग्रामीणों के लिए आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनता जा रहा है। जल संरक्षण के साथ-साथ यह परियोजना रोजगार सृजन और खेती-किसानी में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रही है।

- 19 लाख 385 रुपये की लागत से कराया गया है निर्माण

जानकारी के अनुसार इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति 19 लाख 385 रुपये की लागत निर्माण कार्य 25 फरवरी से प्रारंभ किया गया। परियोजना में कुल 1169 मानव दिवस का प्रावधान रखा गया है, जिसमें श्रमिकों को प्रति दिवस 261 रुपये की दर से मजदूरी दी जा रही है। निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत बदौली ही है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा मिला है। चेक डेम के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 50 से 60 किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। किसान अब मक्का, सरसों, धान, अरहर, उड़द जैसी पारंपरिक फसलों के साथ-साथ परवल, भिंडी, बरबटी, मटर, लौकी, तरबूज और बैंगन सब्जियों की खेती भी कर पा रहे हैं। इससे न केवल खेती का दायरा बढ़ा है, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। ग्राम पंचायत बदौली के सरपंच सुरेश राम ने बताया कि पहले ग्रामीणों को पानी रोकने के लिए बालू और मिट्टी से अस्थायी बांध बनाना पड़ता था, जिससे पर्याप्त पानी नहीं रुक पाता था और खेती प्रभावित होती थी। अब चेक डेम बनने से गांव में 50 से 60 किसानों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और जीवन स्तर में सुधार आ रहा है।



नवनिर्मित एनीकट।

### देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगने का आह्वान

## हज पर जाने वाले हज यात्रियों का किया गया सम्मान

अंबिकापुर। मुस्लिम समाज के पवित्र धर्म स्थल मक्का मदीना शरीफ में हज पर जाने वाले हज यात्रियों हेतु सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नाजमिया मस्जिद रसूलपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हज यात्रियों का फूल माला से स्वागत किया गया और मिलाद शरीफ के बाद दुआ मांगी गई। इसके साथ ही हज पर जाने वाले यात्रियों से देश में अमन चैन और तरक्की की दुआ मांगने की अपील की गई।

बता दें कि प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग पवित्र धर्म स्थल मक्का मदीना शरीफ में हज पर जाते है। प्रदेश के साथ ही अब सरगुजा से भी हज पर जाने वाले यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस बार भी सरगुजा से बड़ी संख्या में समाज के लोग हज यात्रा पर जा रहे है। हज पर जाने से पहले रसूलपुर स्थित दारुल उलूम फैजुर्रसूल हज यात्रियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही हज के महत्व की जानकारी देने के साथ ही वहां की जाने वाले इबादतों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हज के दौरान सभी हाजी अपने और अपने परिवार के लिए दुआ करने के साथ ही हिन्दुस्तान के जनता की सलामती और देश में अमन चैन और तरक्की की दुआ करें। सम्मान समारोह के पूर्व हाजियों को हज पर जाने से पहले और हज के दौरान पढ़ी जाने वाली नमाज व अन्य जरुरी बातों की जानकारी प्रदान की गई। कमेटी द्वारा हज पर जाने वाले सद्दन खान कादरी, नेहाल अहमद (गुड्डन) अंसारी, इकरार अहमद अंसारी, अब्दुल हमीद सिद्दीकी, अब्दिल शाकिर रजवी, जलालुद्दीन अंसारी, इस्लाम अंसारी, वसीम कुरैशी, अब्दुल रशीद कुरैशी, डॉ. शोएब आलम, अब्दुल रशीद, अब्दुल गनी कादरी, मो.शमीम अंसारी, गुलाम नबी, ऐनुल हक, हिना परवीन, नसरीन अंसार, शेहला अंजुम, रेशमा, नैरून बीबी, जमीला खातून का फूल मालाओं से सम्मान किया गया। इस दौरान कमेटी के मोतवल्ली जिलानी खान कादरी, सदर रशीद अहमद, हाजी मो. आदिक खान कादरी, कारी एनुल हक रजवी, कारी मुजीब अशरफ कादरी, तौफीक रजा अंसारी, रेहान सिद्दकी, जमाल खान मोनू, निक्की खान, अफाक अख्तर मुन्ना, शेख इरफान, हाजी अमानुल्लाह, सलीम जावेद, हाजी इदरीश सिद्दकी सहित अन्य मौजूद थे।




## सूर्य प्रकाश की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम, किया गया हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

कृषि मंत्री रामविचार नेताम के पुत्र सूर्य प्रकाश नेताम की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश मेमोरियल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में विधिवत हवन-पूजन किया गया तथा दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम के साथ उनकी पत्नी पुष्पा नेताम भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर दोनों ही भावुक नजर आए। गौरतलब है कि स्वर्गीय सूर्य प्रकाश नेताम की स्मृति में स्थापित यह विद्यालय सूर्य प्रकाश मेमोरियल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद बड़े शहरों जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। विद्यालय में वर्तमान में लगभग 650 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां बच्चों के लिए आधुनिक और सुव्यवस्थित कक्षाएं, पर्याप्त खेल मैदान, शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की सुविधा, सांस्कृतिक, खेलकूद, संगीत और कला प्रशिक्षण, व्यावहारिक परीक्षाओं की तैयारी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर दिवंगत सूर्य प्रकाश नेताम को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



### कार की टक्कर से ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। सीतापुर निवासी कुंज राम पैकरा आ. स्व. खोरा राम (61 वर्ष) दो तीन दिन पूर्व पत्नी गायत्री को ग्राम खड़गांव शादी कार्यक्रम में छोड़ कर आया था। 27 अप्रैल को लूना से लेने जा रहा था और जैसे ही ग्राम सूर चलता मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-03 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /202512022900006/ब-121/2025-26

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधीर सिंह आ. स्व. मदन सिंह, निवासी रिंग रोड़ नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1/11 रकबा 10120 वर्गमीटर (1.012 हे.) में से रकबा 0.1706 हे. (1705.83 वर्गमीटर) भूमि को अनावेदकगण हरिजन्दर कौर पत्नी गुरूदयाल सिंह एवं अन्य 13 निवासी केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास बिकी करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 07/05/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक:-20/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-03**

TOP IN SURGUJA
ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 9 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## उठाव नहीं होने से समिति प्रबंधक परेशान

# सरगुजा के 143 उपार्जन केंद्रों में अभी भी 3.33 लाख क्विंटल धान शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- धान खराब होने पर होगी प्रबंधकों से वसूली

धान खरीदी बंद हुए तीन महीने बीतने को है लेकिन अभी सहकारी समितियों द्वारा उपार्जित संपूर्ण धान का उठाव नहीं हो सका है।समितियों में शेष बचे धान की निगरानी के लिए प्रबंधकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल्द धान का उठाव नहीं किया गया तो समिति प्रबंधकों को भारी आर्थिक क्षति होगी।


फाइल फोटो

विपणन संघ द्वारा धान खरीदी बंद होने के पूर्व से ही राइस मिलरों के माध्यम से उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान का उठाव किया जा रहा है। लेकिन अब तक मात्र 60 उपार्जन केंद्रों में संग्रहित संपूर्ण धान का उठाव किया जा सका है जबकि शेष 143 उपार्जन केंद्रों में अभी भी करोड़ों का धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। समिति प्रबंधक महीनों से पड़े धान के खराब होने का हवाला देकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन से तत्काल उठाव करने की मांग कर रहे हैं। बैंक प्रबंधन भी विपणन संघ से शेष बचे धान का उठाव करने लगातार पत्राचार कर रहा है लेकिन संघ के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं तथा मिलरों को उठाव का आदेश जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन के अनुसार सरगुजा के 27 उपार्जन केंद्रों में अभी 39,398 क्विंटल, बलरामपुर के 42 उपार्जन केंद्रों में 93453 क्विंटल, सूरजपुर के 48 केन्द्रों में 172462 क्विंटल, कोरिया के 10 केन्द्रों में 10419 क्विंटल एवं एमसीबी के 16 उपार्जन केंद्रों में कुल 333089 क्विंटल धान अभी भी खुले आसमान के नीचे पड़ा है। विपणन संघ ने महीनों पूर्व मिलरों को डीओ जारी कर दिया है लेकिन धान की कम मात्रा बचे होने के कारण मिलर उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं। इधर समिति प्रबंधकों का कहना है कि बीच-बीच में मौसम खराब होने एवं अंधड़ बारिश होने के कारण धान के खराब होने की संभावना बढ़ गई है। करार के अनुसार विपणन संघ निर्धारित समय पर धान का उठाव नहीं करा रही है जिसका खामियाजा प्रबंधकों को भुगतना पड़ रहा है। धान खरीदी के समय पल-पल में समितियों में पहुंचने वाले राजस्व अधिकारी भी कोई खोज-खबर नहीं ले रहे हैं। जल्द धान का उठाव नहीं किया गया तो महीनों से खुले आसमान के नीचे करोड़ों का धान खराब हो जाएगा तथा उसकी भरपाई समिति प्रबंधकों से कराई जाएगी। यह भी चर्चा है कि समय पर उठाव नहीं होने के कारण भारी मात्रा में धान खराब हुआ है। समितियों में बचे धान का अधिकांश हिस्सा अनुपयोगी हो गया है। कुछ मिलरों ने समिति प्रबंधकों से खराब धान की भरपाई भी करा ली है। स्थिति जो भी हो जब तक संपूर्ण धान का उठाव नहीं हो जाता धान का मिलान करना संभव नहीं है। ऐसे में धान के उठाव में विलम्ब होने से आय-व्यय एवं क्षति के आकलन में विलम्ब होगा साथ ही समितियों के आय पर भी प्रभाव पड़ेगा।

इस संबंध में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के विपणन अधिकारी बालकृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि समितियों में शेष बचे धान के उठाव के लिए विपणन संघ के साथ लगातार पत्राचार किया जा रहा है। उठाव में विलम्ब होने पर धान के खराब होने की संभावना है। इस संबंध में विपणन संघ को तत्काल प्रभावी कदम उठाना चाहिए।



## अधीक्षक ने उद्यान से कद्दू की फसल को उखड़वा कर फेकवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

- उद्यान में अवैध रूप से की गई थी दो एकड़ में कद्दू की फसल

**खबर का असर**

बेलकोटा उद्यान विभाग में उच्च अधिकारियों की जानकारी के दिए बिना ही उद्यान में पदस्थ अधीक्षक द्वारा नियम विरुद्ध की गई कद्दू की फसल बीज उत्पादन का मामला उजागर होते ही अधीक्षक ने अपनी गलतियों को छुपाने कद्दू के लगे फसल को उखड़वा के फेंकवा दिया। साथ ही पूरे प्लाट को ट्रैक्टर से जुताई करवा दिया।

बतौली के वेलकोटा उद्यान में प्रशासन के नाक के नीचे उद्यान अधीक्षक केशवचंद सिदार द्वारा अपने विभाग को गुमराह करते हुए शासकीय संपति का अवैध रूप से आर्थिक लाभ लेंने हेतु प्राइवेट कृषि कंपनी से अनुबंध कर 2 एकड़ शासकीय प्लाट में कद्दू की फसल बीज उत्पादन हेतु लगाई गई थी। शासकीय प्लाट में लगे कद्दू की बीज उत्पादन का लाभ लेने मनरेगा के मजदूर ,खाद सहित सामग्री का उपयोग किया गया है लेकिन जैसे ही फसल बीज उत्पादन का मामला सामने आया तो उद्यान अधीक्षक द्वारा 2 एकड़ प्लाट में लगे फसल को मजदूरों के सहारे उखड़वा के फेंकवा दिया जिससे साफ साफ पता चलता है कि उद्यान अधीक्षक नियमों को ताक में रखते हुए खेती की गई थी।

## अंबिकापुर -बनारस स्टेट हाईवे में कंटेनर चालक ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौके पर मौत

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-बनारस अंतरराज्यीय मार्ग पर सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई,हादसा गंगापुर के पास उस समय हुआ,जब बनारस की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया,मृतक की पहचान विनय सिंह (45) पिता आनंद सिंह, निवासी अखोराकला के रूप में हुई है, जो पिछले 10-12 वर्षों से अपने ससुराल सोनगरा में रह रहा था,बताया गया कि वह अपने भतीजे के विवाह का निमंत्रण पत्र बांटने के लिए बाइक से लटोरी गया था,वापस लौटते समय रात करीब 8 बजे यह हादसा हो गया,प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंटेनर वाहन क्रमांक यूपी 78 एफ एन 0154 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मारते हुए कुचल दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई,घटना के बाद सड़क के बीचों-बीच जाम की स्थिति बन गई,सूचना मिलते ही लटोरी पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया,पुलिस ने आरोपी कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है।




## सरगुजा औषधि विक्रेता संघ ने आईएमए अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

- मोनोपॉली प्रोडक्ट्स एवं कंपनियों की दवाओं की सीमित उपलब्धता पर की चर्चा

**अंबिकापुर।** मंगलवार को सरगुजा सरगुजा औषधि विक्रेता संघ ने रिटेल केमिस्ट से जुड़ी एक ज्वलंत समस्या मोनोपॉली प्रोडक्ट्स एवं कंपनियों की दवाओं की सीमित उपलब्धता के साथ-साथ जन स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर प्रभावों को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक पहल की गई। यह पहल न केवल रिटेल केमिस्ट साथियों की समस्याओं के समाधान, बल्कि आमजन को आवश्यक दवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक सशक्त कदम मानी जा रही है। इस विषय को लेकर संघ ने पहले चरण में इन्डियन मेडिकल एसोसिएशन से मुलाकत की। संघ ने आईएमए के अध्यक्ष डॉ. अजय तिर्की व उपाध्यक्ष डॉ. अजय गुप्ता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने विस्तारपूर्वक रिटेल केमिस्ट की समस्याओं के साथ-साथ इससे उत्पन्न जन स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से भी अवगत कराया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है जो वर्तमान में मुख्यतः हॉस्पिटल फार्मेसी तक सीमित हैं और अन्य केमिस्ट साथियों को सहज रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। साथ ही यह प्रयास आम नागरिकों को समय पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने एवं जन स्वास्थ्य हितों की रक्षा करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस दौरान संघ के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, सचिव अजय पाठक, कोषाध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव सहित रवीन्द्र प्रताप सिंह टूटेजा, विजय अग्रवाल, नवीन अग्रवाल एवं सचिन केडिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।









